हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 06 देहरादून, शुक्रवार, 21 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



मंत्री गणेश जोशी ने डीडीहाट की प्रसिद्ध मिठाई खेंचुवा का लिया स्वाद 3

# वेरिफिकेशन ड्राइव सख्ती से चलाने के निर्देश : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास पर कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने प्रदेश में चल रहे वेरिफिकेशन ड्राइव को और अधिक सख्ती से चलाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली कांवड़ यात्रा के कुशल प्रबंधन व संचालन के लिए अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना बनाने एवं सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही उत्तराखण्ड में जमीन खरीदने वाले लोगों की बैकग्राउंड की भी पूरी तरह से जांच करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश देवभूमि है। यहां अपराध एवं अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। किसी भी विकासशील प्रदेश के लिए बेहतर कानून व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार राज्य में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण बनाए रखने हेतु कृत संकल्पित है।






# योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून( आरएनएस)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है जो मनुष्य की मानसिक व शारीरिक शक्ति में वृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है। नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, जीवन को संतुलित बनाए रखने तथा असंभव लक्ष्य को पाने में विशेष भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मनुष्यता को हमारे ऋषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के द्वारा आज दुनिया में हमारी विशिष्ट पहचान बनी है। योग के लिये दुनिया भारत की ओर देख रही है। योग ने देश व दुनिया को स्वस्थता का भी संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग ने मनुष्य की सुख शान्ति की राह प्रशस्त की है। महान ऋषि पतंजलि ने योग के माध्यम से लोगों को जीने की राह दिखाई है। हर मनुष्य का परम लक्ष्य सुख और शांति की प्राप्ति है जिसमें योग की बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देशवासियों के लिये गर्व की बात है। प्रधानमंत्री जी के सार्थक प्रयासों से आज योग जन जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे ऐतिहासिक कार्यकाल में इस वर्ष 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2024 को "स्वयं एवं समाज के लिए योग" सूत्र के साथ किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार ''वसुधैव कुटुम्बकम'' है। अनेकों वैश्विक चुनौतियों और षड्यंत्रों का सामना करने के बावजूद भारत ने कभी भी मानवीय मूल्यों से हटकर आचरण नहीं किया और हमारी इस लोक कल्याणकारी अवधारणा का आधार हमारी संस्कृति है, जिसके मुख्य स्तंभों में एक योग भी है। इसी वजह से योग आज दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य में मुख्य कार्यक्रम पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश पिथौरागढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों में और 300 आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# उत्तराखंड : रात 10 से सुबह 4 बजे तक चारधाम यात्रा यातायात पर रोक, नई एसओपी जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 21 जून : मानसून सीजन में चारधाम यात्रा में यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। नई एसओपी में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, सिर्फ ऐसे तीर्थयात्रियों को जाने की अनुमति होगी जो होटल की एडवांस बुकिंग करवा चुके होंगे।

प्रदेश में इस समय चारधाम यात्रा जोरों पर है अभी तक चारों धामों में 24 लाख 60 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं और मानसून भी दस्तक देने वाला है, इस समय पहाड़ी सड़कों पर खतरा बढ़ जाता है, इसे देखते हुए यह अहम फैसला लिया गया है। मानसून के समय पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने, पहाड़ों से पत्थर गिरने आदि कई प्रकार की दुर्घटनाएं सामने आती हैं। इस प्रकार की घटनाएं न हो इसलिए यह निर्णय लिया गया है। गंगोत्री हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड़ में अस्थाई पुलिस बल तैनात किया गया है।एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि नई एसओपी में रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान जो यात्री अपने होटल की बुकिंग करवा चुके होंगे केवल उन्हें ही आगे जाने दिया जाएगा। आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से लिए गए इस फैसले का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। सुबह 4 बजे के बाद ही यातायात पुनः संचालित किया जाएगा और बताया कि पूर्व में जारी एसओपी के अन्य बिंदु यथावत रहेंगे।







# अब नमक नहीं चम्मच बनाएगा खाने को नमकीन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : विज्ञान का कमाल कहें या इंसान की खोजी सोच का जादू लेकिन दुनियाभर में ऐसी रिसर्च हो रही है जो हमारे ज़िंदगी के लिए बेहद चौंकाने वाली और फायदेमंद साबित हो सकती है। ये तो आप जानते ही है क़ी खाने में जायका बढ़ाने के लिए नमक बेहद जरूरी है. यूं कहें कि इसके बिना कोई भी डिश लजीज नहीं बन सकती. लेकिन यह भी ध्यान रखना उतना ही जरूरी है कि इसका अत्यधिक सेवन हमारे स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर डालता है. इसलिए, डॉक्टर हमेशा सलाह देते हैं कि जितना हो सके नमक का इस्तेमाल कम करें. इसी के मद्देनजर वैज्ञानिकों ने बिजली से चलने वाला एक ऐसा चम्मच बनाया है, जो खाने को खुद नमकीन बना देता है. 60 ग्राम वजनी यह चम्मच रिचार्जेबल लिथियम बैटरी पर चलता है।



**बाजार में उपलब्ध है.दस हज़ार का एक चम्मच :** स्काई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जापान में बैटरी से चलने वाला अनोखा चम्मच बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया है, जो भोजन के स्वाद को नमकीन बना देता है. प्लास्टिक और धातु से बना यह चम्मच उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो नमक का सेवन कम करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. शोधकर्ताओं का दावा है कि यह चम्मच स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देता है. इसे मीजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर होमी मियाशिता ने अन्य शोधकर्ताओं के साथ मिलकर डेवलप किया था. रिपोर्ट के अनुसार, इस 'इलेक्ट्रिक सॉल्ट स्पून' टेकनीक ने 2023 में आईजी नोबेल अवार्ड जीता है. यह एक ऐसा मंच है, जो अनोखे शोध को सम्मान देता है.

**कितने का है चम्मच ?**

शोधकर्ताओं ने बताया कि अत्यधिक सोडियम सेवन से उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक और अन्य स्थितियों का खतरा बढ़ जाता है. जापान में वयस्क प्रतिदिन औसतन लगभग 10 ग्राम नमक खाते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित मात्रा से दोगुना है. इसे बनाने वाली जापानी कंपनी किरिन का कहना है कि इसके इस्तेमाल से भोजन का नमकीनपन डेढ़ गुना बढ़ जाता है. कंपनी ने बताया कि उपयोगकर्ता चार अलग-अलग लेवल पर अपनी पसंदीदा तीव्रता चुन सकते हैं. 20 मई को लॉन्च हुए इस अनोखे चम्मच की कीमत 19,800 येन (यानि भारतीय मुद्रा में 10,469.79 रुपये) है.

# अरे जनाब पूड़ी सब्ज़ी नहीं ये है पूरिका सब्जा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : वीकेंड पर कुछ चटपटा, कुछ हेवी नाश्ता करना आमतौर पर लोग पसंद करते हैं. इस लिस्ट में पूड़ी-सब्जी का नाम अक्सर सबसे पहले आता है. सिर्फ नाश्ता ही क्यों, शादियों में, पार्टी में या गांवों में होने वाले भोज तक में पूड़ी-सब्जी अहम मानी जाती है. और नवरात्रों में तो कई जगहों पर माता रानी का खास प्रसाद होता है पूड़ी, काले चने और हलुवे का. पर क्या आपको पता है कि एक तरफ जहां पूड़ी संस्कृत से आया शब्द है वहीं सब्जी तो फारसी से आई है.

पूड़ी यानि 'पूरिका'

संस्कृत में एक शब्द है पूरिका जिसका उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है. ये एक पारंपरिक भारतीय व्यंजन है जिसे बहुत से तरीकों से बनाया जाता है लेकिन ज्यादातर लोग नमक-अजवायन वाली पूड़ी ही खाना



पसंद करते हैं. सूखी सब्जी के साथ खाइए या गीली सब्जी के साथ, ये तो खाने वाले की पसंद पर निर्भर करेगा.बनाने का तरीका ही नहीं, इसके साइज भी अलग-अलग होते हैं. उत्तर भारत के ज्यादातर जगहों पर पूड़ी मध्यम आकार की होती है तो यूपी-बिहार में थोड़े बड़े साइज की. गुजरात या बंगाल में तो छोटी पूरियां बनाई जाती हैं और बंगाल में इसे लूची कहते हैं.

'सब्ज' से बनी सब्जी

हरिद्वार या बनारस में गंगा स्नान करने के बाद पूड़ी खाने की परंपरा है. लोग गंगा स्नान करके आते हैं और पास की पूड़ी की दुकानों पर चले जाते हैं. इन जगहों पर पूड़ी-सब्जी के साथ जलेबी या कुछ मीठा भी दिया जाता है और ये सब्जी सात्विक होती है यानि बिना लहसुन-प्याज वाली.फारसी भाषा का एक शब्द है सब्ज या सब्जा, जिसका मतलब होता है हरा रंग. इसी शब्द से बना शब्द सब्जी. सब्ज यानी हरे रंग तो सब्जी का असली मतलब है हरे पत्ते या हरी सब्जी, लेकिन आम भाषा में आलू, प्याज, टमाटर को भी सब्जी ही कहा जाता है. हिंदी में सब्जी के लिए शब्द है साग जो संस्कृत के शाक से बना है और इसलिए इस खाने को शाकाहारी कहा जाता है. साग के साथ एक शब्द अक्सर इस्तेमाल होता है, वो है भाजी. यहां भाजी का मतलब है पकी हुई सब्जी.

सब्जी को बहुत से लोग तरकारी भी कहते हैं. सब्जी और तरकारी दोनों शब्द ही फारसी के हैं जो उर्दू से होते हुए हिंदी में आए. फारसी भाषा में दो शब्द हैं, पहला है तर यानी तरा जिसका मतलब होता है साग सब्जी या तरकारी. दूसरा शब्द है तर जिसका मतलब है गीला और ताजा. कहा जाता है कि यह तर शब्द फारसी में संस्कृत की तृ धातु से बना है. पूड़ी-सब्जी के बारे में इतना पढ़ने-जानने के बाद यकीनन आपका मन भी इसे खाने का करने लगा होगा. तो देर किस बात की है, पूड़ी-सब्जी के चटकारे लीजिए और खाते वक्त बातचीत के दौरान साथियों को भी बताइए कि ये किस भाषा के शब्द हैं.

# आ गई अंबिका, लीजिये मज़े !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : हमारे देश में हर दिन डायबिटीज के मरीज बढ़ते जा रहे हैं. ऐसे में डायबिटीज होने की वजह से अक्सर मरीज मीठा खाना पूरी तरह से छोड़ देते हैं. आम के सीजन में भी वो आम का स्वाद नहीं ले पाते हैं. ऐसे में इस साल डायबिटीज के गंभीर से गंभीर मरीज भी आम खाने की कसर पूरी कर सकेंगे. दिल खोलकर वे इस बार आम खा सकेंगे. दरअसल मार्केट में आ गया है उनके लिए शुगर फ्री आम. इस आम का नाम है अंबिका

टेंशन फ्री होकर खाइए शुगर फ्री आम अंबिका

इस आम की खासियत यह है कि इसे आप एक दिन में चाहे जितना खा लें आपका शुगर स्तर एक प्रतिशत भी नहीं बढ़ेगा. यह आम बिल्कुल भी मीठा नहीं होता है, लेकिन खाने में पूरा आम का स्वाद देता है. यह एक रंगीन आम है. इस आम को अपने बगीचे पर लगाया है मलिहाबाद के मशहूर किसान अफताब ने. उनके पास इस बार अंबिका आम की मांग भी देश के साथ ही विदेशों तक से आ रही है.

किसान अफताब ने बताया कि अंबिका आम हल्का खट्टा होता है. यह मीठा बिल्कुल भी नहीं होता है, इसीलिए लोग इसे शुगर फ्री आम कहते हैं. बाजार में भी यह आम शुगर फ्री नाम से ही काफी मशहूर है. लोग इसे शुगर फ्री आम के नाम से ही बेचते हैं और खरीदते हैं. उन्होंने बताया कि इसका स्वाद भले ही हल्का खट्टा हो लेकिन यह स्वाद पूरा आम का ही मजा देता है,



इसीलिए डायबिटीज के मरीज इसे दिल खोलकर खा सकते हैं, क्योंकि इस आम को वैज्ञानिक डॉक्टर राजन ने बनाया था. ऐसे में उन्होंने खुद भी इसे शुगर फ्री आम का ही नाम दिया है. यही वजह है कि डायबिटीज के मरीज इसे आराम से खा सकते हैं.

अफताब ने बताया कि मार्केट में इस आम की मांग बहुत अधिक है. देश के साथ ही विदेशों तक में इस आम को खूब खाया जा रहा है और पसंद किया जा रहा है. दशहरी से ज्यादा इस आम की मांग है. ऐसे में इसकी कीमत तो 100 से ढाई सौ रुपए किलो होती है. इसके अलावा अगर कोई इसका एक पीस लेना चाहता है तो 100 रुपये देने पड़ते हैं. किसानों को यह काफी मुनाफा देता है. यही वजह है कि किसान अब इसकी ओर जा रहे हैं.

# 35 हज़ार रूपये किलो बांस का नमक !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : भारत में जब 'नमक आंदोलन' हुआ तो लोगों को पता चला कि नमक बनाने की असली कीमत कितनी ज्यादा चुकानी पड़ती है. मगर देश ने धीरे-धीरे खुद से अपना नमक बनाना शुरू कर दिया. आज के वक्त में नमक काफी सस्ते दामों पर मिलता है. पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे कीमती नमक कितने रुपयों का है? अगर आपको दुनिया के सबसे महंगे नमक का दाम पता चल जाए तो आप खाने में नमक का इस्तेमाल जरूर छोड़ देंगे.

नमक की कीमत जान हैरान हो जाएंगे

अब तक आपको लगता होगा कि हिमालय का गुलाबी नमक ही दुनिया का सबसे महंगा नमक होगा. अगर आप ऐसा सोचते हैं तो आप बिल्कुल गलत हैं. दुनिया में एक ऐसा भी नमक है जिसके दाम का आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं. एमेथिस्ट बैंबू नमक दुनिया का सबसे कीमती नमक है. ये कोरिया का नमक है जो जिसे बैंबू सिलेंडर में भरकर बनाया जाता है.

कितनी है नमक की कीमत ?

चलिए अब आपको बताते हैं कि कोरियन बैम्बू नमक के नाम से फेमस इस नमक की कीमत कितनी है. भारत में 1 किलो नमक के पैकेट की कीमत 20-25 रुपये होती है मगर कोरियन बैम्बू के 240 ग्राम पैकेट की कीमत 7 हजार रुपये से ज्यादा है. इस हिसाब से 1 किलो के पैकेट की कीमत 35 हजार रुपये से ज्यादा है. अब सवाल ये उठता है कि इसकी कीमत इतनी ज्यादा कैसे होती है. दरअसल, इस नमक को बनाने में काफी



मेहनत लगती है.

कैसे बनता है ये नमक ?

आपको बता दें कि कोरियन कल्चर में बैम्बू नमक सैकड़ों सालों से खाया जाता है. मगर रोस्टेड बैम्बू नमक की खोज 20वीं सदी से ही शुरू हुई थी. अब जानिए कि ये नमक बनता कैसे है. इस नमक को बांस के कंटेनर में भरते हैं और फिर मिट्टी से उसे बंद कर देते हैं. इसके बाद भट्ठी में नमक को 9 बार पकाया जाता है. ये इतनी जटिल प्रक्रिया है कि इसे पूरा करने में 50 दिन का वक्त लग जाता है. ये पूरी प्रक्रिया हाथ से होती है. इस कारण नमक का दाम इतना ज्यादा हो जाता है. पहले के वक्त में, नमक को बांस में रखकर सिर्फ 2-3 बार ही पकाया जाता था. मगर धीरे-धीरे पता चला कि कई बार नमक को पकाने से उसमें बांस की महक आ जाती है और अशुद्धियां बेहद कम हो जाती हैं. इसके कारण ये दुनिया का सबसे शुद्ध नमक माना जाता है.

# मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को एक माह के भीतर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 20 जून : मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ दौरे के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत डीडीहाट से पंपस्यारी सड़क मार्ग में एनपीसीसी द्वारा निर्माणाधीन पुल तथा मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंत्री ने पुल के निर्माण कार्य पर हो रहे विलंब पर नाराजगी व्यक्त की। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए एक माह के भीतर पुल के निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल के निर्माण कार्यों में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा निश्चित रूप से पुल के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आसपास के आबादी क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत डीडीहाट से पंपस्यारी के मोटर मार्ग का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर सीमांत क्षेत्रों के विकास हेतु संकल्पबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर पीएमजीएसवाई अधिशासी अभियंता शशांक सिंह, सहायक अभियंता गुरुप्रीत सिंह,एनपीपीसी कनिष्ठ अभियंता अनिल चुफाल, बीजेपी नेता लोकेश भड़, मण्डल अध्यक्ष भरत कन्याल, कमला चुफाल आदि उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज गोपेश्वर में बनेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सक्रियता से तैयारियों में जुटा है। उप चुनाव के लिए पीजी कॉलेज गोपेश्वर में ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने बृहस्पतिवार को संबंधित अधिकारियों के साथ पीजी कॉलेज गोपेश्वर में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखरखाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र में सुरक्षा, विद्युत, पेयजल, शौचालय, वेटिंग एरिया सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष की ओर आने जाने वाले मार्गो पर बैरिकेडिंग के साथ पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए भी समुचित व्यवस्था करने को कहा। ईवीएम कलेक्शन सेंटर तक जाने वाले मार्ग पर वाटर प्रूफ टेंट लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कमिशनिंग रूम, ईवीएम कलेक्शन सेंटर, मतगणना कक्ष, सीलिंग रूम, सुविधा केंद्र, मीडिया सेंटर आदि व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए आगामी 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, पुलिस सीओ अमित सैनी, डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य सहित अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## मंत्री गणेश जोशी ने डीडीहाट की प्रसिद्ध मिठाई खेंचुवा का लिया स्वाद

■ मंत्री गणेश जोशी ने डीडीहाट की प्रसिद्ध मिठाई खेंचुवा का लिया स्वाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों से सरकार की योजनाओं का लिया फीडबैक




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 21 जून : प्रदेश के कृषि कृषक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ प्रवास के दौरान डीडीहाट स्थित नेगी मिष्ठान भंडार में पहुंचकर डीडीहाट की प्रसिद्ध मिठाई खेंचुवा का स्वाद लिया।

इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने नेगी मिष्ठान भंडार के ऑनर और स्थानीय व्यापारियों का हाल जाना और लोगों से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फीडबैक भी लिया। गौरतलब है, कि खेंचुवा एक प्रकार की मिठाई है, जो सिर्फ डीडीहाट में बनती है। 80 के दशक में देवीधुरा से आए नेगी परिवार ने डीडीहाट में खेंचुवा बनाना प्रारंभ किया था। इस दौरान दूध की कमी के चलते खेंचुवा सीमित मात्रा में बनता था। धीरे-धीरे अपनी विशेषता के चलते इसकी मांग बढ़ने लगी। मांग के साथ ही खेंचुवा अधिक बनने लगा। दूध को काफी देर तक उबालकर, उसमें चीनी मिलाकर खेंचुवा तैयार किया जाता है। पिछले 20 वर्षो के बीच डीडीहाट के खेंचुवे ने अपने स्वाद की वजह से अच्छी पहचान बनाई है। डीडीहाट के खेंचुवे की मांग डीडीहाट, पिथौरागढ़ ही नहीं, बल्कि कुमाऊं, गढ़वाल से लेकर मैदानी जिलों तक पहुंच चुकी है। शादी, ब्याह से लेकर सभी आयोजनों में खेंचुवा सबसे पसंदीदा मिठाई माना जाता है।

## हल्द्वानी : पालतू गाय की मौत के सदमे में लड़की ने की आत्माहत्या





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 21 जून : 15 वर्षीय जया पलड़िया ने बीते दिन अपनी गाय की मौत के सदमे में आकर आत्मदाह कर ली, परिजनों ने बताया कि उसे गाय से बहुत लगाव था और उसके मर जाने के बाद वह गुमसुम रहने लगी थी और फिर अचानक उसने यह कदम उठा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार काठगोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली किशोरी जया पलड़िया की गाय की दो दिन पहले मौत हो गई थी , किशोरी को उससे बहुत लगाव था। गाय की मौत के बाद वह सदमे में चली और उसने किसी से भी बातचीत बंद करना बंद कर दिया। घटना के एक दिन तक वह ऐसे ही रही और अचानक बीते दिन ग़ायब हो गई परिजनों के काफी ढूंढने के बाद वह बाथरूम में फंदे पर लटकी मिली, जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए।आनन-फानन में वे उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मिली सूचना के बाद उन्होंने पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। किशोरी के पिता केशव दत्त पलड़िया वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। बेटी के आत्मघाती कदम से परिवार में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## देहरादून : पास आते ही नाराज बेटे ने लगाई नहर में छलांग, बचाने पिता भी कूदे, अब दोनों लापता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 जून : बीती देर रात बेटा अपने परिजनों से नाराज होकर शक्ति नहर के किनारे बैठ गया, जब पिता उसे मनाने पहुंचे तो वह नहर में कूद गया और उसे बचाने के लिए पिता भी साथ में कूद गए। विकासनगर में बीते रात पिता-पुत्र ढकरानी जल विद्युत गृह के पास जल शक्ति नहर में लापता हो गए, सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर एसडीआरएफ को बुलाया और सर्च अभियान शुरू किया लेकिन अभी तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग साढे.आठ बजे शिव कुमार उर्फ सनी उम्र 30 वर्ष पुत्र बालक राम 60 वर्ष निवासी हरिपुर विकास नगर घर से नाराज होकर शक्तिनहर के किनारे बैठ गया। जैसे ही उसका पिता उसे ढूंढते हुए वहां पहुंचा तो युवक ने देख लिया और पिता के पास आते ही वह नहर में कूद गया। बेटे को बहता देख पिता ने उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी और पानी के तेज बहाव में दोनों पिता-पुत्र लापता हो गए।





घटना की जानकारी मिलते ही वहां पर ग्रामीणों के भीड़ इकट्ठा हो गई और फिर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और एसडीआरएफ को बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया, इसके साथ ही ढालीपुर स्थित जल विद्युत गृह के इंटक पर भी लापता पिता पुत्र की तलाश की जा रही है। सीओ विकास नगर ने बताया कि कोशिश यही की जा रही है कि जल्दी से जल्दी लापता-पिता पुत्र को खोजा जा सके खबर लिखी जाने तक पिता पुत्र का कोई सुराग है।

# केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने किया वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून । भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज 20 जून 2024 से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत वन अग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा कर, इस आपदा से निपटने संबंधी उपायों की समीक्षा की गई। उन्होंने नरेंद्रनगर वन प्रभाग के अंतर्गत शिवपुरी, हिंडोलाखाल , बेमुंडा , आगराखाल आदि वन रेंजों का दौरा कर वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लिया और अधिकारियों को उचित दिशानिर्देश दिए।

केंद्रीय वन मंत्री द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान भागीरथी वृत्त के अंतर्गत नरेंद्र नगर एवं टिहरी वन प्रभागों में विभिन्न स्थलों का दौरा कर वन अग्नि से प्रभावित सुदूर वन क्षेत्र एवं वन विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई ।

भ्रमण के दौरान नरेंद्रनगर रेंज के अंतर्गत हिंडोला खाल, बेमुंडा एवं आगराखाल क्षेत्र में वन अग्नि से प्रभावित वन क्षेत्रों, वन विभाग द्वारा किए गए उपायों एवं स्थानीय निवासियों के स्तर पर प्रदान किए जा रहे सहयोग का भी जायजा लिया।

हिंडोलाखाल में स्थलीय दौरे के दौरान यादव ने कहा कि उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएँ ज़्यादा हो गई थी । ये घटनाएं ज्यादातर चीड़ के जंगलों में घटित हुई है । जंगलों में वनाग्नि की घटनाएँ बढ़ी है। इस दौरान इनकी मॉनिटरिंग की गई और साथ में कई बैठकें भी की गई , जिसमें आग लगने के स्थानीय कारणों का पता लगाने की कोशिश की गई। यादव ने कहा कि आज हालात नियंत्रण में हैं इसलिए स्थलीय निरीक्षण आवश्यक था ताकि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों का जायज़ा लिया जा सके , जनसहभागिता और जनसहमति को सुनिश्चित किया जा सके ताकि शासन,वन विभाग समन्वय के साथ आग की घटनाओं रोक सके । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम कर रही है ।

बेमुंडा क्रू स्टेशन पर यादव ने ग्रामीण महिलाओं और ग्रामीणों के साथ संवाद किया और जंगलों में आग लगने के कारणों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वनाग्नि को बुझाने में लगे वन कर्मियों से भी बात की और क्रू स्टेशन का जायज़ा लिया।

उल्लेखनीय है कि हिंडोलाखाल में बांज प्रजाति के वन क्षेत्र हैं , जिसमें पूर्व में कतिपय वन अग्नि की दुर्घटनाएं हुई हैं। बेमुंडा में वन विभाग द्वारा क्रु स्टेशन की स्थापना की गई है, जिससे कि राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास वन क्षेत्र में वन अग्नि की घटनाओं के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। बेमुंडा क्रु स्टेशन अत्यंत संवेदनशील वन क्षेत्र के निरीक्षण करने में सहायक है।

इसी क्रम में आगराखाल स्थित सामुदायिक उन्नति केंद्र का भी केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया एवं स्थानीय समुदाय द्वारा विभिन्न विकास गतिविधियों में किए जा रहे कार्यों का भी उन्होंने जायजा लिया। इस क्षेत्र में स्थानीय समुदाय द्वारा वन विभाग को वन अग्नि से निपटने में सहयोग भी प्रदान किया जाता है। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय वन मंत्री द्वारा बादशाही ढोल में चीड़ के वनों में हुई अग्नि दुर्घटनाओं के क्षेत्र का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। यादव द्वारा उपस्थित अधिकारियों से वार्ता कर अग्नि को रोकने एवं उससे निपटने के संबंध में प्रयासों की पूर्ण समीक्षा की गई।

श्री यादव द्वारा इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि वन विभाग वन अग्नि से निपटने हेतु तैयारी को और अधिक सघन करे। उन्होंने निर्देशित किया कि आग की सूचना प्राप्त होने पर कम से कम समय में उससे निपटने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

केंद्रीय वन मंत्री ने वन अग्नि के मामलों में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उन्होंने इस दौरान स्थानीय समुदाय को भी इस संबंध में प्रेरित किया। यादव ने हाल ही में हुई वन अग्नि की दुर्घटनाओं एवं उससे हुई जान-माल की क्षति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बादशाहीथौल फारेस्ट रेंज में वन विभाग के अधिकारियों और वन कर्मियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वनाग्नि से निपटने हेतु जो उपकरण हैं उनका निरीक्षण किया और वन कर्मियों से उन उपकरणों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होने वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा किया।इस मौके पर उत्तराखंड सरकार के वन मंत्री सुबोध उनियाल , पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार किशोर उपाध्याय सहित वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया

रुद्रप्रयाग। औषधि निरीक्षक मानवेन्द्र राणा ने गुरुवार यात्रा मार्ग के प्रमुख बाजारों में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। रुद्रप्रयाग, गौरीकुंड, रामपुर, सोनप्रयाग, फाटा, गुप्तकाशी के कुछ मेडिकल स्टोरों में अनियमितता मिली। जबकि मौके पर 18 दवाओं के सैम्पल भरे गए। गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा अनियमितता रखने वाले व्यापारियों को व्यवस्थित करने के आदेश दिए गए। साथ ही यात्रा पड़ावों पर हर समय दवा की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए निर्देशित किया गया। ओवररेटिंग करने वालों की शिकायत पर ड्रग ऐक्ट में अभियोग पंजीकृत करने की चेतावनी भी व्यापारियों को दी गई। इसके अलावा उन्होंने 18 दवाओं के सैंपल भरे गए, जिनकी गुणवत्ता जांचने के लिए प्रयोगशाला को भेजा जाएगा। औषधि निरीक्षक मानवेन्द्र राणा ने बताया कि भविष्य में भी यात्रा पड़ावों में गुणवत्तायुक्त दवाओं की उपलब्धता पूर्ण कराने और ओवररेटिंग को रोकने के लिए विभागीय स्तर से निरीक्षण जारी रहेगा।

## चार माह से भुगतान न होने पर शिक्षक-कर्मचारियों ने दिया धरना

रुद्रप्रयाग। अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल और जिला कार्यकारिणी के बैनर तले मुख्यालय स्थित डीईओ बेसिक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। संघ के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष शिव सिंह रावत के नेतृत्व में शिक्षक कर्मचारियों ने कहा कि माह मार्च से रुके वेतन का जीपीएफ कटौती के साथ तुरंत वेतन भुगतान होना चाहिए। मांग के समर्थन में नारेबाजी की। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि डीईओ बेसिक रुद्रप्रयाग के अड़ियल रवैए के कारण जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को माह मार्च से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण वे कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं।

## सीएम के निर्देश पर बडोला के परिवार से मिले विधायक और एसएसपी

देहरादून । रवि बडोला हत्याकांड में जनाक्रोश के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति की समीक्षा की। उनके निर्देश पर गुरुवार को रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ और एसएसपी अजय सिंह बडोला के आवास पर पहुंचे। वहां परिवार को अब तक की गई कार्रवाई की अपडेट दी। वहीं आरोपियों पर गैंगस्टर लगाकर अवैध संपत्ति को सीज करने का भरोसा दिया। दो आरोपियों के अवैध मकान मामले में मौके पर नगर निगम और राजस्व विभाग की जांच जारी रहने की बात कही गई। रायपुर क्षेत्र डोभाल चौक स्थित गढ़वाली कॉलोनी में रविवार रात हुए गोलीकांड में प्रॉपर्टी डीलर रवि बडोला उर्फ दीपक बडोला की मौत हो गई। वहीं बडोला के साथी सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी गोली लगने से गंभीर घायल हैं। गोलीबारी की इस घटना में गढ़वाली कॉलोनी निवासी सोनू और मोनू भारद्वाज के घर में पश्चिमी यूपी का कुख्यात शूटर रामबीर भी शामिल था।

## श्रीनगर-पौड़ी हाईवे पर नालियों के सुधारीकरण किये जाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। डांग के लोगों ने श्रीनगर-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर डांग से गोविंद बल्लभ पंत के क्षेत्रीय संस्थान तक टूटी नालियों को सुधारीकरण किये जाने की मांग की है। इस संदर्भ में डांग क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को एनएच के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य पंकज सती, गिरीश चंद, विजेंद्र नेगी, महेंद्र गैरोला, लक्ष्मण कण्डवाल ने कहा कि श्रीनगर-पौड़ी हाईवे पर एनएच विभाग द्वारा डांग और पराग डेयरी से होते हुए तहसील कार्यालय होते हुए गोविंद बल्लभ पंत के क्षेत्रीय संस्थान तक नालियां पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी है। उन्होंने जल्द से नालियों की मरम्मतीकरण किये जाने की मांग की है। कहा कि डांग से पौड़ी हाईवे पर त्रीव बैंड होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने उक्त बैंड पर साइड मिरर लगाये जाने की मांग की है। जिससे लोग दुर्घटनाग्रस्त होने से बच सकें। इस मौके पर योगेश असवाल, अरुण बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

## जखोली महाविद्यालय में पौधे बांटे

रुद्रप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय जखोली में मुख्यमंत्री नवाचार एवं शोध परियोजना में संचालित प्रोजेक्ट जैविक कृषि एवं बागवानी को लेकर महाविद्यालय जैविक वाटिका में जैविक विधि से उत्पादित अखरोट के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा. माधुरी ने सभी का स्वागत करते हुए पौधरोपण की आवश्यकता व पर्यावरण संरक्षण में पेड़ पौधों की भूमिका पर व्याख्यान दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## विधायक विनोद कंडारी ने किया ग्राम पंचायत कांडी बागडियों में खेल मैदान का शिलान्यास

नई टिहरी। देवप्रयाग के ग्राम पंचायत कांडी बागडियों में युवा कल्याण विभाग का खेल मैदान का गुरुवार को विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और नशा और मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की ओर अग्रसर करना होगा। गुरुवार को 25 रुपये की लागत से बनने वाले खेल मैदान का शिलान्यास करते हुए विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत यह मैदान बनाया जा रहा है। कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। खेलो इंडिया, खेल महाकुंभ, मुख्यमंत्री उदीयमान योजना की तैयारियों के लिए खेल मैदान होने जरूरी हैं। कहा कि मैदान बनने से युवा पीढ़ी को प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। जिसके बाद वह बड़े मंचों पर अधिकाधिक पदक हासिल कर सकेंगे। जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि 50 गुणा 40 मीटर परिमाप के इस मैदान में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल जैसे खेल कराए जा सकेंगे। तीन माह के भीतर कार्यदायी संस्था को कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया है। देवप्रयाग विधानसभा में विभाग ने 4 से 5 खेल मैदान, मिनी स्टेडियम प्रस्तावित किए हैं। कहा कि जिलेभर से मिनी स्टेडियम और खेल मैदान के प्रस्ताव संबंधित जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। जिनका स्थल चयन समिति के निरीक्षण बाद शासन को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सूरज पाठक, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जेपी चंद, बीडीसी विनोद बिष्ट, ग्राम प्रधान श्रीकांत, भारतीय कॉपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लिमिटेड के ईई शिवेंद्र प्रताप, अनिल नेगी, प्रमोद चंद, दलवीर पंवार, लोकेंद्र, गोविंद पंवार, दिनेश पंवार, चतर लाल शाह मौजूद रहे।

## जिला पंचायत की बैठक में भ्रष्ट अमीन पर कड़ी कार्यवाही की संस्तुति

नई टिहरी। जिला पंचायत की त्रैमासिक बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण की अध्यक्षता में हुई। जिंप अध्यक्ष ने कहा कि विभाग सदन के सदस्यों की शिकायतों पर कार्यवाही करने से बचने का प्रयास न करें, बल्कि निस्तारण तय समय के अंदर किया जाए। सड़क निर्माण से जुड़े विभागों की चर्चा के दौरान बंस्यूल जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने लोनिवि और पीएमजीएसवाई के इंजीनियरों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पीएमजीएसवाई के एक अमीन पर मुआवजा वितरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। विधायक उपाध्याय ने सख्त कार्रवाई की पैरवी की। जिस पर सीडीओ ने अमीन को हटाकर जांच का भरोसा सदन को दिया। सदन की बैठक में ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली पर भी खासा रोष जाहिर किया गया।

## समर कैंप से बच्चों को दी जा रही जानकारियां

नई टिहरी। जौनपुर विकासखंड में बच्चों के लिए इन दिनों हिमोत्थान सोसाइटी ने मनोरंजन ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया है। जौनपुर में हिमोत्थान सोसाइटी के 21 सदस्यों ने 25 गांव में समर कैंप लगाए हैं। हिमोत्थान सोसाइटी के संदीप बिजलवान व मुकेश प्रसाद ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन तरीके से नई चीज सीखने का अवसर देना है। समर कैंप के माध्यम से गांवों के 800 बच्चों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चे प्रतिदिन दिलचस्प व मनोरंजक गतिविधियों में प्रतिभाग कर रहे हैं। जैसे गणित व विज्ञान के मॉडल बनाकर गणित एवं विज्ञान की बारीकियों को समझना, पेड़ पौधों के कार्यों को समझना, पर्यावरण के लिए वृक्षों की उपयोगिता, अपने क्षेत्र की मौसमी सब्जियां फल व फसलों की प्रति जागरूकता, चित्रकारिता से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कहानी निर्माण आदि बच्चों को कैंप के सिखाया रहा है। इसके बाद गांव से जुड़ी जानकारी को जानने के लिए बच्चों को समूह में बांटा जाता है। बच्चे प्रतिदिन समर कैंप के बाद गांव के बुजुर्ग लोगों के साथ बैठ रहे हैं। गांव से जुड़ी हर जानकारी पर बातचीत कर जानकारी हासिल कर रहे हैं। ग्रामीण समुदाय के लोग भी समर कैंप से जुड़कर और गांव के बच्चों की शिक्षा में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर हिमोत्थान सोसाइटी की शिक्षा की पहल का अहम हिस्सा है। जो ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालयों के साथ चल रहा है।

## आंधी-तूफान से एक आवासीय मकान की छत उड़ी

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के सौंराल गांव में आंधी-तूफान से एक आवासीय मकान की छत उड़ गई। इस दौरान घर में रहे परिवार से किसी तरह मकान से बाहर निकलकर जान बचाई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते बुधवार देर शाम घनसाली से सटे सौंराल गांव निवासी विमला देवी अपनी दो बहुओं और पोतों के साथ घर के अंदर थी। अचानक तेज आंधी से उनके घर की छत उड़ गई। इस दौरान पीड़ित परिवार ने घर से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित विमला देवी ने बताया कि, छत क्षतिग्रस्त होने से घर के अंदर रखा खाद्यान्न, कपड़े, बिस्तर सहित अन्य सामान बर्बाद हो गया। कहा कि, आशियाना छिन जाने से अब उनके समक्ष रहने का संकट पैदा हो गया है। प्रभावित महिला ने सरकार और प्रशासन से मदद के गुहार लगाई है।

## घनसाली पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

नई टिहरी। घनसाली पुलिस ने जिला न्यायधीश के आदेशों के अनुपालन में वारंटी राकेश लाल पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम गंगी ( थाना घनसाली ) को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी पॉक्सो ऐक्ट के तहत वांछित है। आरोपी को पकड़ने में पुलिस कर्मियों में एसआई सुनील कुमार, राजवी कुमार और शुभकरणपाल की भूमिका अहम रही।

## कार को टो करके ले जा रही एक क्रेन गहरी खाई में गिरी, चार लोग घायल

नई टिहरी। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर तोताघाटी में गुरुवार को कार को टो करके ले जा रही एक क्रेन गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में कार व क्रेन में सवार चार लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी है। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने घायलों को खाई से निकालकर सीएचसी बागी में भर्ती करवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिरुद्ध मैठाणी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब साढे 6 बजे श्रीनगर से कार को टो करके ऋषिकेश ले जारी क्रेन अनियंत्रित होकर करीब डेढ़ सौ मीटर खाई में जा गिरी। सूचना पर थाना देवप्रयाग और बछेलीखाल चौकी की पुलिस टीम सहित व्यासी से एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। सबसे पहले पहाड़ी पर अटकी कार में फंसे दो लोगों का रेस्क्यू किया गया। जिसके बाद गहरी खाई में उतर कर टीम ने क्रेन में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इसमें एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी थी। पुलिस वाहन व एंबुलेंस सेवा से सभी घायलों को सीएचसी बागी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी घायलों में एम्स ऋषिकेश रैफर कर दिया। बताया कि, घायलों में परमिंदर सिंह पुत्र केशर सिंह, गुरजीत सिंह पुत्र स्व. गुरुवचन सिंह, संजेय सिंह पुत्र प्रीतम सिंह सभी निवासी मोहाली, पंजाब सहित चालक सोनू पुत्र प्रीतम सिंह श्रीकोट श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक कार के श्रीनगर में खराब होने पर उसे मरम्मत के लिए क्रेन से ले जाया जा रहा था।

# देहरादून में है किताबों का अनमोल समुन्दर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 जउने : उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में उत्तराखंड की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी लाइब्रेरी स्थित है। इसका नाम खुशीराम पब्लिक लाइब्रेरी (Mahatma Khushi Ram Public Library Dehradun) है। यह 102 वर्ष पुरानी है और आज भी यूं ही चल रही है। इसकी स्थापना 1921 में महात्मा खुशीराम ने की थी, ताकि लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। वर्तमान में यहां करीब 48,000 किताबें हैं। यहां प्राचीन ग्रंथों का ज्ञान भी लोग ले सकते हैं। यहां 80 रुपये और 100 रुपये के मासिक शुल्क में लोग किताबें पढ़ सकते हैं।

कैसे पहुंचे महात्मा खुशीराम लाइब्रेरी ?

बातचीत में लाइब्रेरी के ट्रस्टी जगदीश बावला कहते हैं कि इसकी स्थापना 4 अक्टूबर 1921 को महात्मा खुशीराम ने की थी। वह पोस्ट मास्टर थे और रिटायरमेंट के बाद समाज सेवा के काम में जुट गए। उस समय देहरादून में कोई लाइब्रेरी नहीं थी लेकिन यह क्षेत्र शिक्षा के लिए जाना जाता था, इसलिए महात्मा खुशीराम को लगा कि क्यों न देहरादून में एक लाइब्रेरी की स्थापना की जाए। तब इसके लिए भूमि तत्कालीन पालिकाध्यक्ष लाला उग्रसेन ने दी थी। तभी से यह लाइब्रेरी देहरादून में शिक्षा के प्रचार-प्रसार का काम कर रही है।






लाइब्रेरी की सदस्यता लेना अनिवार्य

उन्होंने बोला कि महात्मा खुशीराम लाइब्रेरी में स्टूडेंट केवल 80 रुपये और 100 रुपये के मासिक शुल्क में पढ़ाई कर सकते हैं। इसके लिए पहले लाइब्रेरी की सदस्यता लेनी होगी, जिसको एक फार्म भरने की फॉर्मेलिटी के बाद सरलता से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बोला कि 102 वर्ष पुरानी इस लाइब्रेरी में करीब 48,000 किताबें रखी हैं, जिनमें हिंदी-उर्दू साहित्य के अतिरिक्त मनोविज्ञान, इतिहास, नाटक, उपन्यास, संस्कृति, कहानी के संग्रह शामिल हैं। वहीं चारों वेद ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, अर्थवेद, कुरान शरीफ, श्री गुरु ग्रंथ साहिब, बाइबल जैसी धार्मिक किताबें भी हैं। यहां 1914 में प्रकाशित मीडिया 'सरस्वती' की प्रतियां भी सुरक्षित रखी हैं।

# बीवी ने पति को बांधकर दिए बिजली के झटके

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है. यहां एक शख्स ने पत्नी को मोबाइल चलाने से मना किया और उसे छीन लिया. इस पर पत्नी का पारा इतना हाई हो गया कि उसने पति को करंट के झटके तक दे दिए. पीड़ित पति ने बताया कि 14 साल के बेटे ने जब अपनी मां को रोकने की कोशिश की उसने उसकी भी पिटाई कर दी. फिलहाल घटना को अंजाम देने के बाद से ही महिला फरार है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी है.मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना आगरा के प्रदीप सिंह के साथ ही हुई है. प्रदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 2007 में बेबी यादव के साथ हुई थी. प्रदीप ने कहा कि उन्होंने फोन पर पत्नी को किसी के साथ बात करते हुए देखा. इस पर पत्नी के घरवालों से शिकायत की तो उन्होंने फोन छीन लेने की सलाह दी. इसी के बाद पत्नी ने उसे बंधक बनाकर पहले पिटाई की और इसके बाद बिजली के झटके भी दिए.

बेटे को भी मारा

प्रदीप ने पुलिस को बताया कि फोन छीनने के बाद पत्नी इस तरह से क्रोधित हुई कि उसे मेरी जान की भी परवाह नहीं रही. मुझे मारने के साथ ही बेटे को भी मारा. पीड़ित ने बताया कि घटना 18 मई की रात को हुई. पत्नी ने पहले मुझे नशे की दवा खिलाकर बेहोश कर दिया और इसके बाद बिस्तर से बांध दिया. पहले मुझे क्रिकेट बैट से मारा और पिर बिजले के झटके भी दिए. इस पर बेटा जब बचाने के लिए आया तो उसे भी मारा. प्रदीप ने इस दौरान ये भी बताया कि उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्से में चोटें भी लगी हैं.

इन धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट

महिला के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. किशनी थाने के SHO अनिल कुमार ने मीडिया को बताया कि पीड़ित का इलाज कराया जा रहा है. तो वहीं महिला के खिलाफ IPC की धारा 307, 328 और 506 के तहत मामला रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस टीम उसकी तलाश में जुट गई है. उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा.

## यात्रियों से अभद्रता करने वालों पर कार्रवाई

चमोली। बदरीनाथ थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया बुधवार को पुलिस को मंदिर परिसर में यात्री का छूटा पर्स और दस्तावेज मिले। कागजातों के आधार पर महिला यात्री की तलाश कर नगदी भरा पर्स, दस्तावेज यात्री को दिए। एक बुजुर्ग यात्री अपने साथियों से बिछड़ गये थे। पुलिस ने बुजुर्ग यात्री को परिजनों और साथियों से मिलाया। गोविन्द घाट के थानाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण ने बताया हेमकुंड यात्रा पर एक यात्री गोविन्द घाट पुल के समीप अचानक गिर गया। उसके सिर पर गम्भीर चोट आई। पुलिस ने तत्काल यात्री को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, एक यात्री ने बताया कि बाइक सवार तीन युवकों ने उनके साथ अभद्रता की और जोशीमठ से ऋषिकेश की ओर भाग गये। पुलिस ने हेलंग में उन्हें पकड़ लिया।

## कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रही ठप

पौड़ी। बुधवार देर शाम पौड़ी शहर और आसपास क्षेत्रों में आंधी चलने से कई जगहों पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे पौड़ी, कोट आदि ब्लॉकों के कई गांवों में लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। पैडुलस्यूं पट्टी के डुंगरी गांव निवासी के गणेश नेगी ने बताया कि देर शाम आंधी तूफान चलने से क्षेत्र के कई गांवों में रात भर बिजली गुल रही। साथ ही घुडदौड़ी व खांड्यूसैंण सहित 12 गांवों में लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारी पड़ी। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह रावत ने बताया कि बुधवार की देर शाम को आंधी तूफान चलने से कई जगहों पर बिजली की लाइन में पेड़ गिर गए थे। गुरुवार सुबह से ही विभाग की तकनीकी टीम को इन जगहों पर भेजा गया। दिन तक सभी जगहों पर लाइन दुरूस्त कर बिजली सुचारू कर दी गई है।

## शराब पीकर वालन चलाने पर 8 वाहन चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

पौड़ी। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में हर दिन शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। कोतवाली कोटद्वार ने चार, थाना लक्ष्मणझूला ने तीन, यातायात श्रीनगर ने एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर चालकों के डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि बीती सात जून से अभी तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 76 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहनों को सीज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ युकां ने किया धरना प्रदर्शन

हरिद्वार। युवा कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ गुरुवार को धनौरी विद्युत फीडर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अधिकारी का घेराव किया। कहा कि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ऊर्जा निगम दफ्तर पर तालाबंदी की जाएगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान युवा नेता महबूब आलम, वीरेंद्र श्रमिक ने कहा कि पिछले दो माह से अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान है। अधिकारी फोन नहीं उठाते और बिना किसी सूचना के कभी भी बिजली गुल कर देते हैं। पंचपुरी के तेलीवाला, गढ़, मीरपुर, पूरनपुर, सालापुर और आसपास के गांवों में बहुत बुरा हाल है। कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से अभी 20 दिन का समय मांगा गया है। अगर फिर भी व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो तालाबंदी की जाएगी।

### बारिश के बाद किसानों को मिली राहत

हरिद्वार। लम्बे इंतजार के बाद बुधवार शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश हुई। लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं सिंचाई के अभाव में सूख रही गन्ने और अन्य फसलों को राहत पहुंची है। चिलचिलाती गर्मी और लू से फसलें और जल स्रोत्र आदि सूख गये थे। किसानों को खेतों में गन्ने और चारे की फसल में बार बार सिंचाई करनी पड़ रही थी। लालढांग, मीठीबेरी रसूलपुर, पीली पढ़ाव, गैंडीखाता आदि गाँवों में अपर्याप्त सिंचाई के चलते गन्ने की फसल सूखने लगी थी। लेकिन बारिश से कुछ राहत जरूर मिली। स्थानीय किसान तेजेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह, अमरजीत, संदीप लहरी, रतन सिंह, जयप्रकाश, बाबूराम आदि का कहना है कि लम्बे अरसे के बाद बारिश से किसानों को थोड़ी राहत तो मिली है । जिससे किसान गन्ने और अन्य फसलों में उर्बरक का छिड़काव और मिट्टी मढ़ाई कर सकेंगे।

### तहसील में कर्मचारियों की हड़ताल से लोग परेशान

हरिद्वार। लक्सर तहसील में राजस्व उप निरीक्षक अंजू कंबोज के साथ हुई मारपीट के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जनपद की चारों तहसील के पटवारी, कानूनगो, रजिस्ट्रार कानूनगो और डाटाएंट्री ऑपरेटर तीसरे दिन भी लक्सर तहसील में धरने पर बैठे रहे। जिसके चलते गुरुवार को हरिद्वार तहसील में काम के लिए आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हरिद्वार तहसील सहित जनपद की अन्य तहसीलों के पटवारी, कानूनगो, रजिस्ट्रार कानूनगो और डाटाएंट्री ऑपरेटर की तड़ताल के चलते तहसील से जुड़े कार्यों के लिए लोगों को चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जनपद की हरिद्वार, भगवानपुर और रुड़की तहसील के पटवारी, कानूनगो, रजिस्ट्रार कानूनगो और डाटाएंट्री ऑपरेटर के धरने में शामिल होने के कारण तहसीलों में राजस्व से जुड़े कार्य भी नहीं हो पा रहे है। तहसील में खसरा, खतौनी से लेकर रजिस्ट्री के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उत्तराखंड लेखपाल संघ शाखा जनपद हरिद्वार के अध्यक्ष देवेश घिल्डियाल ने बताया कि बीते 11 जून को लक्सर तहसील में राजस्व उप निरीक्षक अंजुम कंबोज के साथ मारपीट की गई थी। शिकायत के बाद मारपीट के आरोपी ग्राम प्रधान के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया था, लेकिन कईं दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसे लेकर लेखपाल संघ में रोष बना हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर हरिद्वार, लक्सर, भगवानपुर और रुड़की तहसील के पटवारी, कानूनगो, रजिस्ट्रार कानूनगो और डाटाएंट्री ऑपरेटर लक्सर तहसील में धरना दे रहे हैं। देवेश ने बताया कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### बद्रीनाथ विस से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी ने अपना नामांकन जमा किया

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह भंडारी ने गुरुवार को आरओ कार्यालय में अपना नामांकन जमा किया। बद्रीनाथ सीट पर उप चुनाव के लिए 10 विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए हैं, लेकिन अभी तक केवल भाजपा उम्मीदवार ने ही अपना नामांकन आरओ कार्यालय में जमा किया है। गुरुवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र नहीं लिया है। नामांकन पत्र जमा करने के लिए अंतिम दिन 21 जून है। आगामी 24 जून को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 26 जून तक नाम वापस लिया जा सकता है। उप चुनाव के लिए विधानसभा बद्रीनाथ सीट पर 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी।


# गर्मियों में वॉक करने का यह सही समय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : चिलचिलाती धूप, तेज गर्मी और लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। लगातार बढ़ते पारे की वजह से लोगों का हाल बेहाल हो रखा है। आलम यह है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है ऐसे में लोग अपनी फिटनेस को लेकर काफी चिंतित है, क्योंकि गर्मी और धूप की वजह से उन्हें वॉक करने में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही इसकी वजह से कई लोगों का वॉक करना तक छूट गया है। ऐसे में भीषण गर्मी के बीच अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए वॉक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

गर्मी के इस मौसम में अक्सर हीट वेव की वजह से देर तक गर्माहट बनी रहती है। ऐसे लू और ह्यूमिडिटी के बीच सही तरीके से अपनी सेहत का ध्यान रखना जरूरी है, वरना यह कई समस्याओं की वजह बन सकता है। आज इस आर्टिकल में जानेंगे गर्मियों में वॉक करने का सही समय क्या है और इस मौसम में वॉकिंग के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

गर्मियों में खुद को हेल्दी रखने के लिए तेज धूप और लू से बचना बेहद जरूरी है।



हालांकि, वॉक करते समय कई बार ऐसा करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वॉक करने के लिए सुबह जल्दी और देर शाम दिन का समय सही रहता है। इस दौरान कम तापमान और सीधी धूप कम होने के कारण वातावरण ठंडा होता है, जिसकी वजह से इस समय वॉक करना आरामदायक और सुरक्षित हो सकता है।

इसलिए गर्मी और हीटवेव के दौरान सुबह जल्दी (सुबह 7 बजे से पहले) और देर शाम (शाम 6 बजे के बाद) को आमतौर पर वॉक करने के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है।


हीटवेव में वॉक करते समय इन बातों का रखें ख्यालगर्मी के मौसम में हेल्दी रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी खुद को हाइड्रेट रखना है। ऐसे में वॉक करते समय भी खुद को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए वॉक करने से पहले, वॉक के दौरान और वॉक के बाद ढेर सारा पानी पिएं।शुगरी ड्रिंक्स और शराब को पीने से बचें, क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं।वॉक के लिए हल्के, ढीले-ढाले और हल्के रंग के कपड़े चुनें, जो हवादार हों और सूरज की रोशनी को रिफ्लेक्ट करते हों।हाई एसपीएफ वाला सनस्क्रीन लगाएं और अपने चेहरे को यूवी किरणों से बचाने के लिए धूप का चश्मा और टोपी का इस्तेमाल करें।चक्कर आना, मतली या अत्यधिक पसीना आना जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों पर नजर बनाए रखें।अगर आप अस्वस्थ महसूस करें तो वॉक बंद कर दें और तुरंत छाया की तलाश करें।लू के दौरान, अत्यधिक परिश्रम से बचने के लिए अपनी स्पीड कंट्रोल करें और ज्यादा समय तक वॉक करने से बचें।अपने क्षेत्र में मौसम के पूर्वानुमान और गर्मी से जुड़ी जानकारी लेते रहें। पीक हीट आवर्स के दौरान, जब तापमान सबसे ज्यादा हो, तो चलने से बचें।

# ये है दुनिया का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन अंदर पहुंचने में हो जाती है हालत खराब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 जून : दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं, जहां अब मेट्रो की सुविधा उपलब्ध है, जिसकी मदद से आराम से लोग अपने गंतव्य तक पहुंच जाते हैं. इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि लोगों का टाइम बचता है यानी जिस जगह पर बस या फिर निजी गाड़ियों से पहुंचने में आमतौर पर एक-दो घंटे लगते हैं, वहीं मेट्रो से जाने में ये सफर महज 20-25 मिनट का हो जाता है. वैसे आपने देखा होगा कि जगह नहीं होने की वजह से कई मेट्रो स्टेशन जमीन के नीचे भी बनाए गए हैं, पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन कौन सा है और कहां है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन चीन में है, जिसे 'हॉन्ग्यानकुन मेट्रो स्टेशन' के नाम से जाना जाता है. पोस्ट में आप देख सकते हैं कि एक





लड़की इस मेट्रो स्टेशन के बारे में बता रही है और फिर अंदर का नजारा दिखाती है. शुरुआत एक एस्केलेटर से होती है और उसके बाद तो एस्केलेटर की लाइन ही लग जाती है. ऐसा लग रहा था जैसे एस्केलेटर खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं. कुल सात एस्केलेटर से उतरने के बाद इस मेट्रो स्टेशन का एंट्री प्वाइंट नजर आता है, लेकिन उसके बाद भी तीन एस्केलेटर और आते हैं, जो एग्जिट की ओर ले जाते हैं।

## कलक्ट्रेट पौड़ी में आज लगेगा जनता दरबार

पौड़ी। आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार पौड़ी में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। डीएम डा.आशीष चौहान ने बताया कि जनता की विभिन्न समस्याओं के हल के लिए जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में आकर जनता दरबार में आकर अपनी समस्याएं हल करवाने की अपील की है। उन्होंने सभी जिलास्तरीय अफसरों को निर्धारित समय पर जनता दरबार में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

## रांसी स्टेडियम में मनाया जाएगा योग दिवस

पौड़ी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रांसी स्टेडियम में योगाभ्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत प्रतिभाग करेंगे। डीएम डा.आशीष चौहान ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर गढ़वाल आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अफसर, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। वहीं, पर्यटन विभाग द्वारा योग दिवस के उपलक्ष्य में कंडोलिया मैदान से मांडाखाल तक साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा।

**22 जून तक भरे जायेंगे पीजी के आवेदन पत्र**

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के आवेदन तिथि बढ़ा दी है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनील कुमार नौटियाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि छात्रहित को देखते हुए पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए आवेदन फार्म 22 जून तक बिना विलम्ब शुल्क के साथ विस्तारित कर दी गई है।

**यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में छात्र संगठनों का प्रदर्शन**

श्रीनगर गढ़वाल। छात्रों का कहना है कि एनटीए की ओर से जितनी परीक्षाएं कराई जा रही हैं उन सभी परीक्षाओं में धांधली साफ दिखाई नजर आ रही है। पहले नीट और अब नेट मामला सामने आना एनटीए को सवालों के घेरे में खड़ा करता है। आइसा से जुड़े अंकित उछोली ने कहा कि नीट और यूजीसी नेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में धांधली होना सिस्टम फेल होने को दर्शाता है। उन्होंने पारदर्शी परीक्षा करवाने के तत्काल एनटीए को भंग करने की मांग की। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और एबीवीपी से जुड़े छात्र नेता गौरव मोहन नेगी ने कहा कि उन्होंने भी यूजीसी नेट की परीक्षा को लेकर तैयारियां की थी।

## लेकिन पेपर लीक होने के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिर गया

ऋषिकेश से लेकर कल्यासौड़ तक 12 लैंडसलाइड जोन सक्रिय, बरसात में बन सकते हैं खतरे का सबब

श्रीनगर गढ़वाल। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऋषिकेश से लेकर कल्यासौड़ तक 12 लैंडसलाइड जोन सक्रिय हैं। बरसात में यह भूस्खलन जोन खतरे का सबब बन सकते हैं। जिसमें बछेलीखाल और चमधार में हल्की सी बारिश में पहाड़ी से मलबा आने का खतरा बना रहता है। यह भूस्खलन जोन एक ही बारिश में सक्रिय हो जाते हैं। हालांकि एनएच विभाग चारधाम की सुरक्षा के दावे कर रहा है। श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिशासी अभियंता तनुज कामबुज ने बताया कि ऋषिकेश से लेकर कल्यासौड़ तक 12 भूस्खलन जोन सक्रिय है। बताया कि व्यासी, गुलरघाटी, तीमलपानी, अटालीगंगा, साकनीधार, बछेलीखाल और चमधार में भूस्खलन जोन बने हैं। जिसमें बछेलीखाल और चमधार अधिक संवेदनशील हैं। जो कि बरसात के समय अधिक सक्रिय हो जाते हैं। बताया कि सभी भूस्खलन प्रभावित इलाकों में जीसीबी की व्यवस्था की गयी है। साथ ही चमधार और साकनीधार में एक-एक डोजर भी लगाये गये हैं। बताया कि सभी भूस्खलन जोनों की प्रस्ताव केंद्र में रखे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी बारिश

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव में किसानों को बारिश से बड़ा फायदा पहुंचा है। धान की फसल के लिए बारिश जीवनदायिनी साबित होगी। रुक रुक कर हुई बारिश से किसानों के चहरे खिले नजर आए।। वहीं ग्रामीणों को भी गर्मी से काफी राहत मिली है। पथरी क्षेत्र के गांव घिस्सुपुरा, धनपुरा, कटारपुर, चांदपुर, बहादरपुर जट, किशनपुर, पदार्था, रानीमाजरा, शाहपुर आदि गांवों में खेतों में धान की फसलें लगाई गई हैं। किसान राम नरेश, बबलू, विजय सैनी, ग़ालिब हसन, रमेश कुमार, नितिन चौहान, राहुल सैनी, पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से धान की फसलों के लिए सिंचाई की जरूरत थी। बारिश नहीं होने से खेतो में तरावट की कमी होने लगी थी।

### ग्रह क्लेश के चलते व्यक्ति ने लगाई फांसी

हरिद्वार। धनपुरा में ग्रह क्लेश के चलते एक व्यक्ति ने घर के अंदर ही पंखे से फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।पुलिस के अनुसार धनपुरा निवासी 46 वर्षीय चंद्रपाल पुत्र लाहौर सिंह उर्फ लाहौरी की बीती रात घर वालों के साथ कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी पिछले कुछ दिनों ने पत्नी के साथ भी अनबन चल रही है। उसकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी। परिजनों ने व्यक्ति को पंखे से लटकता देख शोर मचाया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पंखे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया ग्रह क्लेश के चलते व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### राजेश कुमार द्विवेदी बने भेल के निदेशक वित्त

हरिद्वार। राजेश कुमार द्विवेदी को बीएचईएल का निदेशक वित्त नियुक्त किया गया है। बीएचईएल के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद राजेश ने महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इससे पहले राजेश बीएचईएल में महाप्रबंधक और प्रमुख (कॉर्पोरेट वित्त) के पद पर कार्यरत रह चुके है।

### तीन गांवों की 50 हजार आबादी 14 घंटे अंधेरे में रही

हरिद्वार। हाईवे के नजदीक केबल में फाल्ट आने से बुधवार रात और गुरुवार की सुबह बोंगला, रोहालकी और अलीपुर गांव में बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को पीने के पानी की किल्लत भी झेलनी। बुधवार देर रात बारिश के दौरान बिजली लाइन में फाल्ट आ गया। जिससे तीन गांवों और कालोनियों की बिजली गुल हो गई। लगभग 14 घंटे बाद फाल्ट ठीक किया गया। जिसके चलते लगभग 50 हजार की आबादी ने गुरुवार सुबह 11.30 बजे तक परेशानी झेली। बिजली न होने के कारण सुबह के समय लोगों को पीने के पानी की किल्लत से भी जूझना पड़ा। ग्रामीण अमित सिंघानिया, भावित, अजय कुमार, दीक्षांत, रोबिन, संजीव, सचिन, राम कुमार आदि का कहना है कि रात को बिजली लाइन में आए फाल्ट को 14 घंटे बाद जोड़ा गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### सीवर चैम्बर की मरम्मत का कार्य आरंभ

हरिद्वार। निर्वतमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी के प्रस्ताव पर जल संस्थान ने दुर्गानगर भूपतवाला में सीवर लाइन सफाई और क्षतिग्रस्त सीवर चैम्बर की मरम्मत का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रस्ताव पर गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई ने क्षेत्र में सीवर लाइन की सफाई और मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया है, उससे निश्चित रुप से क्षेत्रवासियों को सीवर जाम और ओवर फ्लो की समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर सुखेन्द्र तोमर, दिनेश शर्मा, नीरज शर्मा, विनोद पाठक, राजेन्द्र यादव, गोपी सैनी, राघव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेताओं की आदत है बड़बोलापन : काजी

हरिद्वार। मंगलौर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन ने गुरवार को कहा कि भाजपा की आदत है बड़बोलापन। भाजपा के नेता बड़बोले, प्रत्याशी बड़बोले, कार्यकर्ता बड़बोले और भाजपा के लिए काम करने वाले लोग बड़बोले हैं। उन्होंने यह बातें मंगलौर सीट पर सीएम धामी की जीत के दावे के बाद पत्रकारों से कही। कहा कि चुनाव के दौरान बड़बोलेपन में भाजपा नेता कहते हैं कि उत्तराखंड विधानसभा में 60 पार, लोकसभा चुनाव में 400 पार और हरिद्वार लोकसभा सीट पर पांच लाख पार। भाजपा के नारे खोखले थे। आगे भी खोखले साबित होंगे।

## निर्माणाधीन पेयजल योजना की जांच की मांग को लीली के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर। जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पेयजल योजना की जांच की मांग को लेकर लीली के छुरिया तोक के ग्रामीण एक बार फिर मुखर हो गए हैं। नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। जल्द जांच शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीण गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायत लीली के तोक छुरिया, सेवा, डौ में जल जीवन मिशन के तहत छुकनगाड़ी एवं गोगिनापानी से पेयजल योजना बन रही है। योजना का कार्य सिंचाई खंड कपकोट कर रहा है। निर्माण कार्य में पूरी तरह अनियमितता बरती जा रही है। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी उन्होंने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। उन्हें आश्वासन तो दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ है। उन्होंने एक बार फिर से समस्या के समाधान को लेकर प्रदर्शन किया। जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर खुशाल सिंह गड़िया, अमर सिंह, दिनेश सिंह, मोहन सिंह, दीवान सिंह, बहादुर सिंह, नर सिंह गड़िया, हरीश सिंह बाफिला, पान सिंह कन्याल, प्रेम सिंह, कुश राम आदि मौजूद रहे।

## विधायक गड़िया ने लगाया जनता दरबार

बागेश्वर। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ जनता दरबार लगाया। इस दौरान लोगों ने बिजली, पानी, सड़क तथा स्वास्थ्य की समस्याएं रखी। लोगों ने आधार कार्ड अपडेट के लिए क्षेत्र में शिविर लगाने की मांग की। साथ ही इंडेन गैस द्वारा बदियाकोट, किलपारा, सौंग मुनार आदि क्षेत्र में भी शिविर लगाने को कहा। विधायक ने आश्वस्त किया कि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।


## दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना जारी

बागेश्वर। दस सूत्रीय मांगों को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। अब आंदोलन में छात्राएं भी कूद गई हैं। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया।यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाती वह इसी तरह धरना देते रहेंगे। छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं गुरुवार को बीडी पांडे कैंपस में पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ धरने में बैठ गए। इस बार धरने में प्राची कोरंगा, रीता, हंसी ढोकटी, पायल गोस्वामी, ज्योति मेहरा बैठीं। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जिले में इन दिनों भीषण गर्मी हो रही है। इसके बावजूद छात्र आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन विवि प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि वह छात्र हितों के लिए लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। इस मौके पर प्रेम दानू, हिमांशु कुमार आदि मोजूद रहे।

## दुगधारा में लगा आधार अपडेट के लिए शिविर

बागेश्वर। दुग-नाकुरी तहसील के दुगधारा में गुरुवार को आधार अपडेट के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। 12 बजे तक हॉल फुल भर गया। आधार अपडेट में अधिकतर महिलाएं, बुजुर्ग तथा बच्चे पहुंचे थे। विधायक प्रतिनिशि योगेश हरड़िया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय न जाना पड़े इसलिए विधायक सुरेश गड़िया ने यहां शिविर लगाया है। उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर जिपं सदस्य पूरन गड़िया तिलक गोस्वामी, राजेन्द्र राठौर भगवत पपोला आदि मौजूद रहे। लोगों ने कहा कि आधार अपडेट कराने वालों की संख्या बहुत है। एक दिन के शिविर में सभी को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## संपादकीय



## लानत है यह जल संकट

यह दुर्भाग्य, विडंबना और शर्मनाक लानत है कि देश की राजधानी दिल्ली में आम आदमी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। पानी के लिए वह भगदड़ और हाथापाई का हिस्सा बनने को तैयार है। गंदा और प्रदूषित पानी लेने को भी तैयार है। पानी किसी की बपौती नहीं है, वह राष्ट्रीय संसाधन है, जो जिंदगी के लिए सांस सरीखा ही है। जो सरकार घर-घर 'नल में जल' की हुंकारें भरती नहीं थकती, वह प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में दिल्ली में मौजूद है। देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के महलनुमा आवास भी दिल्ली में ही हैं। देश की संसद भी राजधानी से ही संचालित होती है। हालांकि उनकी दुनिया 'अति विशिष्ट' है और पानी का कोई संकट नहीं है, लेकिन जो 28 लाख दिल्लीवाले पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, उनकी पीड़ा, उनका सूखापन तो उन सभी को दिखता ही होगा! देश की सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही हैं और जल-संकट और पानी की सियासत का मुद्दा उनकी अदालत में भी पहुंचा था, लेकिन न्याय क्यों नहीं दिया गया? यदि कोई अवमानना की गई है, तो उस पक्ष को तुरंत अदालत में तलब क्यों नहीं किया गया? बेशक पानी का संकट देश के माननीय न्यायाधीशों के लिए नहीं है, लेकिन आम आदमी तो संकट में है। उसे इंसाफ कौन देगा? एक तरफ 'आम आदमी पार्टी' (आप) की सरकार है। मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में हैं। दूसरी तरफ भाजपा सरकार है। यही तो लोकतंत्र है, लेकिन दोनों पक्षों की सियासत के बीच आम दिल्लीवाला क्यों पिस रहा है? दरअसल यह राजधानी दिल्ली की सनातन समस्या है। प्रधानमंत्री मोदी बीते 10 सालों से इसे देख-महसूस कर रहे होंगे! पानी के लिए भागमदौड़ उस देश की राजधानी का निरंतर दृश्य है, जो विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की प्रतिष्ठा और छवि दांव पर हैं। ऐसे निरंतर दृश्य तो हमने किसी गरीब और पिछड़े देश तक में नहीं देखे। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप क्यों नहीं करना चाहिए? हम आंकड़ों और दावों की बाजीगरी में उलझना नहीं चाहते कि दिल्ली के हक का पानी कितना है? हरियाणा कितना पानी नहरों के जरिए दिल्ली को सप्लाई करता है? अंतरराज्यीय जल वितरण समझौते का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं? ये सवाल केंद्र सरकार और सर्वोच्च अदालत के बुनियादी सरोकार होने चाहिए। यदि दो राज्यों के बीच ऐसे विवाद हैं, तो अदालत को उन्हें अविलंब हल करना चाहिए। शीर्ष अदालत की और क्या भूमिका हो सकती है? दिल्ली का नंगा यथार्थ यह है कि कुछ निश्चित इलाकों में, झुग्गी-झोपडियों के आसपास और अनधिकृत बस्तियों में हमने साल-दर-साल पानी के टैंकर खड़े देखे हैं। पानी के लिए हमने मार-पिटाई होते भी देखा है। भविष्य में पानी पर ही विश्व-युद्ध हो सकता है, किसी विशेषज्ञ की ऐसी भविष्यवाणी को कैसे नकारा जा सकता है? बस्तियों के ये कुकुरमुत्ते सरकारों और राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी स्वार्थ के मद्देनजर पैदा किए हैं। तो अब उन्हें पानी, बिजली, अन्य संसाधन भी मुहैया कराओ। टैंकरों से ही जाहिर है कि पानी का संकट अनवरत रहा है। इस पर न तो कांग्रेस और न ही भाजपा की सरकारों ने ध्यान दिया।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## शराब के नशे में वाहन चला रहा चालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा। शराब के नशे में मैक्स वाहन चला रहे चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को कोतवाली रानीखेत पर डायल 112 से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नशे शराब में वाहन चला रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रानीखेत कोतवाली अशोक कुमार धनकड़ के नेतृत्व में रानीखेत पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके में जाकर यूके01- 6589 को चेक किया गया तो चालक मुकेश जोशी (38 वर्ष) पुत्र स्व. शिवदत्त जोशी निवासी जाखनदेवी तल्ला चौसार, अल्मोड़ा शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। पुलिस ने चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया।

## फायर सर्विस अल्मोड़ा ने हटाया सड़क पर गिरा पेड़

अल्मोड़ा। फायर स्टेशन अल्मोड़ा को सूचना मिली कि फलसीमा आईटीआई से आगे चितई रोड पर एक विशालकाय पेड़ टूट कर गिरा हुआ है। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के निर्देशन में घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर एक विशालकाय पेड़ टूट कर मुख्य मार्ग पर गिरा हुआ था, जिस कारण मार्ग पूर्ण रूप से अवरुद्ध था। फायर सर्विस यूनिट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए वुडन कटर की सहायता से पेड़ को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मार्ग से हटाया तथा यातायात व्यवस्था को पुनः सुचारू किया। यहाँ फायर सर्विस यूनिट अल्मोड़ा से उमेश सिंह, भुवन कुमार, अनिल चंद, धीरेंद्र सिंह, मेनिका, नीरू शामिल रहे।

## एसएसपी ने दिए बारिश को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा ने आगामी बारिश के मौसम के दृष्टिगत अल्मोड़ा पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए जनपद के समस्त पुलिस बल को अलर्ट करते हुए, आपदा उपकरणों को कार्यशील दशा में रखने हेतु निर्देशित किया गया है। बृहस्पतिवार को सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष दन्या विजय सिंह नेगी के नेतृत्व में एएनटीएफ प्रभारी सुनील धानिक व दन्या पुलिस टीम द्वारा आगामी बारिश के मौसम के दृष्टिगत थाने को आवंटित आपदा उपकरणों को चेक किया गया, सभी उपकरण कार्यशील दशा में पाए गए। थाने में उपस्थित सभी कार्मिकों द्वारा आपदा उपकरणों को प्रयोग करने का प्रशिक्षण लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 साल से फरार चल रहा हत्या का आरोपी नागराज मुंबई से गिरफ्तार

अल्मोड़ा। 10 साल से हत्या के आरोप में फरार चल रहे 20 हजार के इनामी तिलकराज उर्फ नागराज पुत्र स्व. जेठूराम निवासी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश को एसटीएफ ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी 10 सालों से नाम, पता, ठिकाना बदल-बदल कर रह रहा था। थाना लमगड़ा में 16 अक्टूबर 2014 को पंजीकृत एफआईआर 12/14 धारा 302/201 आईपीसी में प्रकाश में आया अभियुक्त नागराज अपने साथ काम करने वाले दोस्त की हत्या कर करीब 10 साल के फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु रू 20 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। जिस क्रम में एसटीएफ उत्तराखंड द्वारा मुकदमे में वांछित इनामी आरोपी तिलकराज उर्फ नागराज को मुंबई से गिरफ्तार किया गया। आरोपी तिलकराज उर्फ नागराज नाम और वेश बदलकर मुंबई के एक रेस्टोरेंट में काम कर रहा था। आरोपी को बृहस्पतिवार को अल्मोड़ा न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### रानीधारा मार्ग का सुधारीकरण शुरू नहीं हुआ तो 22 से देंगे धरना

अल्मोड़ा। समाजसेवी विनय किरौला ने रानीधारा मार्ग सुधारीकरण का कार्य शुक्रवार से शुरू नहीं होने की दशा में शनिवार 22 जून से धरने पर बैठने का ऐलान किया है। उन्होंने जिलाधिकारी को इस सम्बन्ध में पत्र दिया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि रानीधारा लिंक रोड में इंटरलॉकिंग टाइल्स या सीसी मार्ग (जो उचित हो) का निर्माण शुक्रवार 21 जून से प्रारम्भ नहीं हुआ तो उन्हें रानीधारा वासियों के साथ 22 जून शनिवार से धरने पर बैठने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रानीधारा मार्ग की हालत काफी समय से ख़राब चल रही है तथा कार्यदायी संस्था से पिछले लंबे समय से आग्रह करने के बाद भी सड़क नहीं बनी है, जिस कारण इस मार्ग में जान-माल का खतरा बना हुआ है, जल्द ही मानसून आने वाला है यदि मानसून से पूर्व आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील हो चुके इस इलाके की इस लिंक रोड का निर्माण नही किया गया तो बड़ी आपदा आ सकती है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से कार्य शुरू नहीं हुआ तो 22 जून से वह रानीधारा वासियों के साथ धरने पर बैठेंगे।

### पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक ने सीएम से की वनाग्नि से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाने की मांग

अल्मोड़ा। पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन भेजकर जंगलों की आग से बचाव के लिए ठोस रणनीति बनाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि राज्य के जंगलों में लग रही आग से निपटने के लिये चीड़ आच्छादित वनों के लिये ठोस रणनीति बनाए जाने, वन विभाग को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाने तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति जाने की आज नितान्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगल भीषण आग की चपेट में आने से बुरी तरह जल रहे हैं जिसमें अनेकों लोग जिंदा जल चुके हैं तथा कई लोग झुलस जाने से गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण वन विभाग के पास संसाधनों का अभाव तथा अप्रशिक्षित कर्मचारी होना एवं फायर सीजन से पूर्व जंगल में आग लगने के बचाव के लिये कोई कार्यवाही अमल में न लाना है। जंगलों के जलने से हो रही जनहानि तथा वन सम्पदा को नष्ट होने से बचाने के लिए कर्नाटक ने अपने सुझाव भी रखे। ज्ञापन देने वालों में पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के साथ देवेन्द्र कर्नाटक, हयात सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, नूर करम खान, साहबुद्दीन, गोपाल खोलिया, दीपक पोखरिया, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, अशोक सिंह, बीरेंद्र सिंह कार्की, हेम जोशी, भूपेंद्र भोज आदि मौजूद रहे।

### एनडीआरएफ टीम ने दिया आपदा बचाव का प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि 15 एनडीआरएफ गदरपुर द्वारा जनपद अल्मोड़ा की तहसील भिकियासैंण में एक दिवसीय खोज बचाव एवं आपदा संबंधित जानकारी दी जा रही है। बुधवार को मंदिर परिषद सनणा, नौला में 01 राजस्व उपनिरीक्षक, 03 ग्राम प्रधान, 01 सरपंच एवं गांव के कुल 30 लोग द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें उन्हें विभिन्न आपदाओं के बारे में जानकारी एवं उससे बचाव, प्राथमिक उपचार, इंप्रोवाइज्ड मेथड से स्ट्रेचर बनाने, रोप एंड रेस्क्यू, बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर की जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को विनायक इंटर कॉलेज जमोली नौला भिकियासैंण में एक राजस्व उपनिरीक्षक, 03 ग्राम प्रधान एवं गांव के 25 पुरुष, 02 महिलाएं एवं 06 बच्चों को जानकारी दी गई। आगामी मानसून हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आमजन के स्वयं बचाव हेतु उपयोगी साबित होगी।

### व्यापारियों की जीएसटी संबंधी कार्यशाला आयोजित की जाए

अल्मोड़ा। जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को जनपद में राजस्व में बढ़ोतरी करने तथा कर चोरी रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य कर विभाग के अधिकारियों को कहा कि जनपद के बड़े ठेकेदार एवं व्यापारियों के जीएसटी आदि का समय समय पर जांच करते रहें। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समय समय पर जीएसटी संबंधी कार्यशाला भी आयोजित की जाए, जिसमें उन्हें आईटीआर दाखिल करने जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं को बताया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग, आबकारी विभाग को भी प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में आबकारी निरीक्षकों द्वारा की जा रही जांच एवं प्रवर्तन की कार्यवाहियों की भी समीक्षा की जाए तथा लगातार अवैध मदिरा आदि की जांच की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला विकास अधिकारी ने ऐपण इकाई का किया दौरा

अल्मोड़ा। जिला विकास अधिकारी एसके पंत ने हवालबाग में ऐपण इकाई का दौरा किया और इकाई के संचालन और प्रगति की समीक्षा की। दौरे के दौरान, उन्होंने टीम को इकाई के सभी पहलुओं के कुशल प्रबंधन और संगठन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। विकास खण्ड हवालबाग की ऐपन इकाई पारंपरिक चित्रकला और हस्तशिल्प के लिए एक प्रसिद्ध केंद्र है। पंत के इस दौरे का उद्देश्य टीम का मनोबल बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करना था। टीम ने अपनी पेंटिंग और हस्तशिल्प में विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया, जिससे एसके पंत उनके समर्पण और जुनून से प्रभावित हुए। एसके पंत ने टीम के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपने कार्य के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# देहरादून : डीएम सोनिका के निर्देशन में दून को हराभरा बनाने की शुरूआत की गई







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 जूनः डीएम सोनिका के निर्देशन में देहरादून जिला प्रशासन 'हरित देहरादून पहल' की शुरुआत की गई है। हरित देहरादून पहल के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है।

ज़िलाधिकारी द्वारा चलाये जा रहे हरित देहरादून पहल के अंतर्गत प्राप्त कॉल्स में से कालर द्वारा चुने गए स्थान कैनाल रोड, एवं चकराता रोड पर 30 पौधे लगाये गये हैं, पौधे लगाने के बाद वहाँ के निवासियों द्वारा पेड़ का संरक्षण करने हेतु शपथ भी ली गई।नागरिक अपनी भागीदारी के लिए स्थान का चयन करें, उस स्थान को चुनें जहां आप पेड़ लगाना चाहते हैं। चुने हुए स्थान की जानकारी हमें 18001802525 पर संपर्क करके बताएं।पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना हम सब की ज़िम्मेदारी होगी। आइए, मिलकर देहरादून को हरा-भरा शहर बनाएं।जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया हरित देहरादून बनाने के लिए जिला प्रशासन की इस मुहिम से, जुड़े। उन्होंने कहा कि हम सब लोग संकल्प लें, कि पेड़ लगाएंगे तथा उसकी देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा नागरिक अपने चुने हुए स्थान की जानकारी 18001802525 टोलफ्री नंबर पर दे सकते हैं।

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। कुंडा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद की है। ग्राम बैलजूड़ी थाना कुंडा निवासी इकरार पुत्र इतवारी हुसैन ने 18 जून को कुंडा थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नईबस्ती, ठाकुरद्वारा निवासी इमरान पुत्र सरदार हुसैन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गयी मोटरसाईकिल बरामद कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बैलजूड़ी के एक घर के बाहर से बाइक चोरी करने की बात कबूली है।

## मारपीट कर घायल करने के आरोप में मुकदमा

काशीपुर। एक निजी अस्पताल में कार्यरत युवक ने करीब डेढ़ दर्जन लोगों पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। मोहल्ला ओज्ञान, खत्री सभा के पास निवासी मोहम्मद फैजल पुत्र मो. रफीक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाजपुर स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करता है। 30 अप्रैल 2024 की रात्रि करीब पौने नौ बजे मोहल्ले के ही फैजुल ने उसे किला स्थित शराब भट्टी वाली गली में बात करने के लिए बुलाया। वहां उसके साथी मोहसिन के अलावा 10-15 अन्य लोग भी मौजूद थे। फैजुल ने उस पर मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि इन सभी लोगों ने उसे लात घूसों और लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। मोहसिन ने रॉड मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। पुलिस ने तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मंगलौर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की होगी जीतः सीएम

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि लंबे समय से मंगलौर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में उपेक्षित रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार मंगलौर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना की जीत होगी। कहा कि डबल इंजन की सरकार जिस तेजी से उत्तराखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में काम कर रही है। उसी तरह मंगलौर में विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ेगा। सीएम धामी गुरुवार को रोशनाबाद कलेक्ट्रेट में मंगलौर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना के नामांकन पत्र दाखिल कराने में शामिल हुए। इस दौरान सीएम और भाजपा प्रत्याशी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी एकजुट होकर पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा पीएम बनने के लिए जनता ने उत्तराखंड की पांचों सीटों पर बड़ी विजय दिलाई है। विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को जीत मिलेगी। जीत के बाद मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में विकास के वह सभी काम होंगे, जो अभी तक रुके हुए हैं।

## स्थानीय नागरिकों को मिले टोल प्लाजा शुल्क से मुक्ति : चौहान

हरिद्वार। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और नवनिर्वाचित सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के हरिद्वार आगमन पर बहादराबाद टोल प्लाजा पर स्थानीय नागरिकों से शुल्क वसूली का मुद्दा उठाते हुए उन्हें टोल टैक्स में छूट देने को लेकर ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा के आसपास सिडकुल सहित अन्य औद्योगिक इकाइयां होने के कारण स्थानीय नागरिकों को रोजाना टोल से आना जाना होता है। नेशनल हाईवे 334 पर ग्राम बौंगला के पास स्थित टोल प्लाजा पर आसपास के ग्रामीणों, आम नागरिकों से टोल वसूल किए जाने पर आए दिन विवाद तथा धरना-प्रदर्शन होता रहता है। टोल कर्मियों की मनमानी के चलते स्थानीय नागरिकों को आधार कार्ड या अन्य परिचय पत्र दिखाने के बावजूद भी टोल से छूट नहीं दी जाती है। इन परिस्थितियों में जहां एक ओर स्थानीय नागरिकों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है, वहीं पार्टी पदाधिकारियों को भी लगातार अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी एनएच द्वारा 20 किलोमीटर की परिधि में निवास करने वाले नागरिकों को टोल से मुक्त रखने की बात कही गई थी।

## 153 किग्रा प्रतिबंधित मांस के साथ पिता पुत्र गिरफ्तार

काशीपुर। गोसंरक्षण स्क्वॉड टीम ने एक मकान में पशु वध कर रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 153 किग्रा प्रतिबंधित मांस और उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस टीम को देखकर एक आरोपी मौके से फरार हो गया। बुधवार की रात गो संरक्षण स्क्वॉड किच्छा के प्रभारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया में एक घर में दबिश देकर प्रतिबंधित पशु का वध कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम ग्राम गुलड़िया थाना आईटीआई निवासी सलमान हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन और लियाकत हुसैन पुत्र मो.हनीफ बताया। जबकि एक व्यक्ति ग्राम बांसखेड़ी निवासी इस्तेखार पुत्र शराफत मौके से फरार हो गया। टीम ने मौके से 153 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। वहां मांस काटने का चापड़, छुरी,लकड़ी का गुटका, तराजू व बाट भी मिले हैं। टीम ने पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर मांस का परीक्षण कराया। तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## नगला नगरपालिका में शामिल न किया जाये पंत विवि परिसर

काशीपुर। उत्तराखंड क्रांति दल ने नगला नगर पालिका में पंत विवि परिसर को शामिल नहीं करने की मांग की। साथ ही मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया है। गुरुवार को यूकेडी जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र बौड़ाई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा निकाय चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। इससे 20 वार्डों को शामिल कर नगला नगर पालिका बनाई गई है। जिसम से 15 वार्ड पंत विवि क्षेत्र में आते हैं। कहा कि यदि विवि परिसर को नगर पालिका से आच्छादित किया जाएगा तो विश्वविद्यानलय की ख्याति पर असर पड़ेगा। उन्होंने पंत विवि को नगला नगरपालिका में शामिल न करने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### बुजुर्ग महिला को लगा करंट, अस्पताल भर्ती

बागेश्वर। गरुड़ तहसील निवासी 62 साल की कमला देवी को गुरुवार की सुबह घर में ही करंट लग गया। इस हादसे में महिला का एक हाथ पूरी तरह झुलस गया। परिजनों की सूझबूझ से महिला को किसी तरह करंट से छुड़ाया। इसके बाद परिजन उन्हें सीएचसी बैजनाथ ले गए। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में महिला का इजला चल रहा है। उन्होंने एक सप्ताह तक लगातार शिविर लगाने की मांग की है।

### देव कुमार वार्ड नंबर 34 के अध्यक्ष चुने गए

काशीपुर। कांग्रेसी नेता अर्पित मेहरोत्रा ने वार्ड नंबर 34 में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। गुरुवार को वार्ड निवासी विनोद शर्मा (होंडा) के आवास पर हुई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज पंत ने की। इस मौके पर देव कुमार को वार्ड अध्यक्ष चुना गया। यहां त्रिलोक सिंह अधिकारी, योगेश जोशी, रामाशंकर, महेंद्र चौधरी, राकेश ठाकुर, राजीव मेहरोत्रा, संजय शर्मा, कुलदीप, संजीव शर्मा, मनीष शर्मा, अभिषेक शर्मा, अक्षित शर्मा, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी का जन्मदिन भी मनाया गया।

### सड़क हादसे में मृत्यु कारित करने का आरोपी दोषमुक्त

काशीपुर। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने के आरोपी को सिविल जज (जूडि) की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। 3 फरवरी 2014 को सुभाषनगर कॉलोनी निवासी आयुष कुशवाहा पुत्र महेश चंद्र कुशवाहा ने थाना काशीपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक टैंकर के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला कर उसके पिता महेश चंद्र कुशवाहा को टक्कर मारकर घायल कर दिया। कुछ देर बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी टैंकर चालक ग्राम कासमपुर खोला, थाना मीरगंज, मुजफ्फरनगर निवासी अरुण कुमार पुत्र गजराम सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन व बचाव पक्ष पक्ष ने अपने तर्क रखे। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता संजय रुहेला ने की। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर न्यायालय सिविल जज (जूडि) करिश्मा डंगवाल ने अभियुक्त अरुण कुमार को दोष मुक्त कर दिया।

### विद्युत कटौती और लो वोल्टेज से मिले निजात

काशीपुर। जसपुरखुर्द की कई कॉलोनियों में लोग अघोषित विद्युत कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। एक ही ट्रांसफार्मर पर कई कॉलोनियों का लोड होने से कटौती की जा रही है। कटौती से त्रस्त लोगों ने बिजली विभाग के एई को ज्ञापन सौंपकर कटौती और लो वोल्टेज से निजात दिलाने की मांग की। एई ने बांसियोवाला मंदिर के निकट 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद अनिल कुमार के नेतृत्व में बांसियोंवाला, रुद्राक्ष कॉलोनी, गढ़वाल सभा के लोग ऊर्जा निगम के एई पंकज कुमार से मिले। उन्होंने एई को ज्ञापन देकर कहा कि ज्ञापन देकर कहा किजसपुरखुर्द, बांसियों वाला मंदिर, गढ़वाल सभा, बसंत विहार, माधव विहार में पुराना ट्रांसफार्मर लगा है, इससे सही ढंग से बिजली आपूर्ति नहीं पाती और लो-वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती है। उन्होंने नया ट्रांस्फार्मर लगाने की मांग की है। वहीं उपखण्ड अधिकारी ने नया ट्रांस्फार्मर लगाने के आदेश दे दिये हैं। यहां अमर सिंह, राजरानी, कृष्णा शर्मा, किशोरी, रविंद्र शर्मा, राजेश, सुनीता देवी, केला देवी, अजय कुमार, सुखपाल आदि रहे।